हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 20 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 36 .0 डिग्री
न्यूनतम 29 .0 डिग्री

कंप्यूटर संघ की हड़ताल से 40 करोड़ तक का नुकसान 12



भाजपा की नीतियां हर व्यक्ति तक पहुंचाना लक्ष्य 12



## खबर संक्षेप

### रेलगाड़ी की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**जींद।** दिल्ली-बठिंडा रेलमार्ग पर वीरवार रात को एक अधेड़ व्यक्ति रोहतक रोड के पास रेलगाड़ी की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मृतक की पहचान रामनगर निवासी (55) हरिकेश के तौर पर हुई है।

### शिक्षामंत्री सीमा त्रिखा कैथल में आजः डीसी

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा 20 जुलाई को सुबह 9 बजे हिंदू गर्ल्ज सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय विद्यालय प्रबंधन समिति की कांफ्रेंस-सह-प्रशिक्षण शिविर में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगी।

### कुत्ते से टक्कराया बाइक एक की मौत, दो गंभीर

**जींद।** गांव अहिरका के निकट जींद-पटियाला नेशनल हाइवे पर कुत्ते से टक्करा कर बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। जबकि दो घायल हो गए। एक युवक की गंभीर हालात देख पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। सदर थाना पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। मृतक पांच बहनों के बीच अकेला था। गांव बरौदा निवासी सोनू (21) उसके ताऊ का बेटा मोनू, दोस्त सागर घरों में पत्थर लगाने का काम देखने के लिए उचाना की तरफ गए हुए थे।

### रास्ता रोककर हजारों रुपये की नकदी छीनी

**कैथल।** गांव सांगन में अज्ञात चोर एक व्यक्ति का रास्ता रोककर उसके साथ मारपीट करते हुए 6000 छीन कर फरार हो गए। गांव बरटा के चिराग शर्मा ने सदर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 17 जुलाई को जब वह गांव संगम से गुजर रहा था तो एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसका रास्ता रोकते हुए उसके साथ मारपीट की तथा 6000 नकदी छीन कर फरार हो गए।

### बिटाणी में व्यक्ति पर दरांत से हमला

**जींद।** बिटाणी में गली में सोए व्यक्ति पर दरांत से हमला कर घायल करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। बिटाणी निवासी मोहित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रात को गली में सोया हुआ था। देर रात को गांव के ही विनोद उस पर दरांत से वार किया। जिस पर वह डंडा लेकर विनोद के पीछे भागा तो आरोपित ने उसके कंधे पर वार किया।

### सी.सिटीजन वैलफेयर सोसायटी की बैठक कल

**कैथल।** सीनियर सिटीजन वैलफेयर सोसायटी कैथल की जुलाई माह की बैठक 21 जुलाई को प्रधान नरेंद्र निझावन व मुख्य संरक्षक महेश दुआ की अध्यक्षता में हिंद सिनेमा के पास होटल मन्नत में होगी। महासचिव धन सचदेवा ने बताया बैठक में विशेष रूप से के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सुधांशु वरिष्ठ नागरिकों को हृदय रोग सम्बंधित विषय पर जानकारी सांझा करेंगे।

## हाईकोर्ट के आदेश तक रहेगा नतीजों का इंतजार

# चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर किया मतदान

### पुलिस छावनी बना परिषद भवन, 21 में से 17 पार्षदों ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला परिषद अध्यक्ष के अविश्वास प्रस्ताव के लिए शुक्रवार को मतदान प्रक्रिया संपन्न करवाई गई। प्रक्रिया के तहत 20 में से 17 जिला पार्षद मतदान के लिए पहुंचे जबकि अन्य तीन पार्षद मतदान के लिए नहीं पहुंचे। मतदान प्रक्रिया को संपन्न करवाने के लिए स्वयं डीसी प्रशांत पंवार पहुंचे। इस दौरान उनके साथ एडीसी व सीईओ सी जया श्रद्धा, डिप्टी सीईओ रितू लाठर, डीडीपीओ कंवर दमन आदि अधिकारी मौजूद थे। मतदान की प्रक्रिया के समय जिप भवन परिसर पुलिस बल को भी तैनात किया गया था। मतदान प्रक्रिया के तहत मतदान तो हुआ, लेकिन पंजाब एवं हाईकोर्ट के आदेशों के चलते जिला प्रशासन ने परिणाम जारी नहीं किया। इस पूरी प्रक्रिया में 17 जिला पार्षदों में हिस्सा लेने के चलते एक तरफा मतदान होने का अनुमान है। वहीं, इस प्रक्रिया में जजपा समर्थित अध्यक्ष दीपक मलिक उर्फ दीप जाखौली सहित तीन अन्य पार्षद मतदान के लिए नहीं पहुंचे थे। हालांकि चुनाव के लिए मतदान से पहले कयास लगाए जा रहे थे कि भाजपा के पास 14 और अध्यक्ष के पास 6 पार्षद हैं। वहीं, पार्षद विक्रमजीत सिंह की भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तारी होने के चलते उसके निलंबन के चलते वह इस प्रक्रिया में हिस्सा नहीं ले सकता था।





मतदान उपरांत पेटी को सील करते कर्मचारी, जिला परिषद भवन पर तैनात पुलिस बल । फोटो :हरिभूमि

#### प्रशासन ने सुरक्षा को चाक चौबंद किया

जिला परिषद अध्यक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को लेकर जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा को चाक चौबंद किया गया था। इस दौरान बाहरी लोगों का प्रवेश पूरी तरह से बंद किया गया था। यहां पर मुख्य गेट पर भी पुलिस का कड़ा पहरा लगाया गया था। चुनाव प्रक्रिया का समय दोपहर तीन बजे रखा गया था। इस दौरान 14 पार्षद बस के माध्यम से जिला परिषद परिसर में पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि यह पार्षद पिछले एक सप्ताह से पहाड़ों की सैर के लिए गए हुए थे।

#### कोर्ट के फैसले के बाद जारी होगा परिणाम

गौरतलब है कि एक दिन पहले ही हाईकोर्ट ने जिप अध्यक्ष दीपक को राहत देते अविश्वास प्रस्ताव के लिए होने वाले मतदान के बाद इसका परिणाम जारी करने पर रोक लगा दी थी। इसकी जानकारी स्वयं अध्यक्ष दीपक मलिक उर्फ दीप जाखौली ने दी थी। अब जिला प्रशासन हाईकोर्ट के फैसले के बाद ही अविश्वास प्रस्ताव के लिए हुए मतदान का परिणाम जारी करेगा। यह चुनाव प्रक्रिया दोपहर साढ़े तीन बजे शुरू हुई थी, जो शाम करीब साढ़े चार बजे तक जारी रही। चुनाव की प्रक्रिया संपन्न होने के बाद जिला प्रशासन मतपेटी अपने साथ ले गया।

#### मतदान के लिए पहुंचे ये पार्षद

- वार्ड नंबर 01 संजीव ठाकुर
- वार्ड नंबर 03 से रुमिला दुल
- वार्ड नंबर 04 से दिलबाग
- वार्ड नंबर 05 से कमलेश रानी
- वार्ड नंबर 06 से अमरजीत
- वार्ड नंबर 07 से कमलेश रानी
- वार्ड नंबर 08 से ममता रानी
- वार्ड नंबर 09 से देवेंद्र शर्मा
- वार्ड नंबर 10 से सोनिया रानी
- वार्ड नंबर 13 से जिप उपाध्यक्ष
- वार्ड नंबर 14 से पिंकी रानी
- वार्ड नंबर 15 से मुनीष शर्मा
- वार्ड नंबर 16 रितू कुमारी
- वार्ड नंबर 18 से मैनेजर कश्यप
- वार्ड नंबर 19 से बलजीत कौर
- वार्ड नंबर 20 से सुरजीत कौर
- वार्ड नंबर 21 से बलवान सिंह

#### इन ने नहीं लिया मतदान में हिस्सा

- वार्ड नंबर 2 से जिप अध्यक्ष दीपक मलिक उर्फ दीप जाखौली
- वार्ड नंबर 17 से राकेश खानपुर
- वार्ड नंबर 12 से नेहा तंवर



जींद। नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में मौजूद आईसीयू।

## नागरिक अस्पताल में आईसीयू स्टाफ का बेड़ा होगा मजबूत

- जींद अस्पताल के आईसीयू के लिए मिला एक चिकित्सक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नागरिक अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में शुरू किए आईसीयू में चिकित्सकों की कमी को धीरे-धीरे पूरा किया जा रहा है। हालांकि कुछ दिन पहले ही फिजिशियन व एनेस्थीसिया चिकित्सक ज्वायन कर चुके हैं और उनके सहारे आईसीयू भी चलाया जा रहा है लेकिन अभी भी आईसीयू के लिए दो स्पेशलिस्ट व तीन से चार अन्य चिकित्सकों की जरूरत है ताकि चिकित्सकों पर बोझ न बढ़े। फिलहाल एनएचएम मिशन निदेशक ने प्रदेशभर के जींद, बहादुरगढ़, नारनौल, यमुनानगर, सिरसा व भिवानी अस्पतालों में आईसीयू के लिए छह चिकित्सक कांट्रेक्ट बेस पर हायर करने के लिए सीएमओ को आदेश दिए हैं। आदेशों की प्रति सीएमओ कार्यालय को मिल चुकी है और जल्द ही चिकित्सक की भर्ती कर आईसीयू स्टाफ बेड़े को मजबूत किया जाएगा। एनेस्थीसिया चिकित्सक तो नागरिक अस्पताल में थे लेकिन फिजीशियन एक ही था। अब नागरिक अस्पताल में फिजीशियन डा. नरेश वर्मा (सेवानिवृत सीएमओ) तथा एनेस्थीसिया डा. मृत्युंजय ने ज्वायन कर लिया है। जिससे आईसीयू को चलाने में काफी मदद मिले रही है।

#### स्पेशलिस्ट मिलने से आईसीयू चलाने में आसानी होगीः गोयल

सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने बताया कि आईसीयू के लिए एक चिकित्सक कांट्रेक्ट बेस पर हायर करने की अनुमति मिली है। फिजिशियल डा. नरेश वर्मा तथा एनेस्थीसिया के चिकित्सक डा. मृत्युंजय के साथ अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों से रोटेशन के अनुसार काम लिया जा रहा है। स्पेशलिस्ट चिकित्कसों के मिलने आईसीयू को चलाने में आसानी होगी।

## लक्ष्य और प्राची ने न्यूजीलैंड कॉमनवेल्थ फेंसिंग चैंपियनशिप में जीता रजत-कांस्य

### उपलब्धि से इंडस पब्लिक स्कूल में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल के खिलाड़ी लक्ष्य और प्राची लोहान ने न्यूजीलैंड में चल रही कॉमनवेल्थ फेंसिंग चैंपियनशिप में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर जिले और देश का नाम रोशन किया है। स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा ने बताया कि जूनियर सैबर इवेंट में भारत की टीम ने रजत पदक जीता। जिसमें इंडस पब्लिक स्कूल के खिलाड़ी लक्ष्य ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि क्वार्टर फाइनल में स्कॉटलैंड को 45-19 से हराया व सेमीफाइनल में इंग्लैंड से 45-41 से जीत कर रजत पदक हासिल किया। वहीं जूनियर एपी इवेंट में भारत की टीम ने कॉस्य जीता। जिसमें इंडस की खिलाड़ी प्राची ने अहम भूमिका निभाई। बताया कि क्वार्टरफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 42-40 से हरा कर भारत की टीम ने कांस्य पदक जीता। लक्ष्य व प्राची की उपलब्धि से इंडस स्कूल में खुशी की लहर दौड़ गई।





जींद। लक्ष्य व प्राची लोहान।

#### खेलों से मेल-जोल को बढ़ावाः निदेशक

इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाष श्योराण ने प्राची लोहान, अभिभावकों एवं कोच मन्नू नैन और आदित्य को बधाई देते हुए कहा कि हमारा विद्यालय हर प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर भाग लेकर अपना विशेष स्थान बना रहा है। उन्होंने अन्य बच्चों को भी प्रेरित करते हुए कहा कि खेलों के माध्यम से हमारे अंदर आत्मविश्वास, एकाग्रता और मेल-जोल की भावना बढ़ती है। इसलिए विद्यार्थियों को शैक्षणिक योग्यता के साथ-साथ खेलों में भी विशेष स्थान बनाना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्या अरूणा शर्मा ने बच्चों में उत्साह जागृत करते हुए कहा कि इस प्रकार के खेलों के माध्यम से बच्चों के अन्दर आत्मविष्वास की भावना जागृत होती है एवं बच्चों के हुनर का पता चलता है। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग हैं। खेलों के माध्यम से ही बच्चों के अंदर शारीरिक एवं मानसिक विकास उत्पन्न होता है।



### चावल से भरा ट्रक पलटा, बाल-बाल बचे चालक-परिचालक

**राजौंद।** गांव किछाना के पास चावल से भरा ट्रक खदानों में पलटा चालक को लगी चोट तो परिचालक बाल बाल बचा हजारों का चावल सड़क पर बिखर जानकारी के अनुसार ट्रक के चालक सुरेश सिंह ने बताया कि वह ट्रक लोड कर चावल लेकर कैथल से दिल्ली जा रहा था रात 12:00 बजे जब वह ट्रक लेकर अचानक कोई के पास पहुंचने तूड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली के चालक ने और टेक करते आगे निकला तो उसके ट्रक का संतुलन खो बैठा जिससे पूरा ट्रक खदानों में पलट गया। ड्राइवर को सिर पर काफी चोटे हैं जिनको कैथल राज के लिए भेजा गया है।

### आशा वर्कर्स पर बिना मानदेय ऑनलाइन काम करने का दबाव बनाया जा रहाः नीलम

**जींद।** स्वास्थ्य मंत्री कमल गुप्ता के आवास पर प्रदर्शन करने के लिए जींद जिले से आशा वर्कर्स हिसार के लिए रवाना हुई। आशा वर्कर यूनियन हरियाणा राज्य कमेटी के आह्वान पर शुक्रवार को हिसार में प्रदेशभर की आशा वर्कर्स इक_ी हुई हैं। जिला प्रधान नीलम व जिला सचिव राजबाला ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा लगातार आशा वर्कर्स पर बिना मानदेय ऑनलाइन काम करने का दबाव बनाया जा रहा है। सरकार द्वारा आश्वासन दिया गया था कि केंद्र सरकार लोकसभा चुनाव से पहले आशा वर्कर के मानदेय में बढ़ोत्तरी करेगी और हरियाणा सरकार भी आशाओं के मानदेय में कुछ बढ़ोत्तरी करेगी व ऑनलाइन काम करवाने के लिए कुछ मानदेय दिया जाएगा।

### एसपी से डेरा खाली करवाने की मांग रखी

**जींद।** गांव संडील के काफी संख्या में लोग शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और उनसे गांव के डेरे को खाली करवाने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि डेरे में रहने वाले साधु व साधवी के कारण गांव में तनाव की स्थिति पैदा हो रही है। इसका कभी भी ग्रामीणों को खामियाजा भुगतना पड़ सकता है। इसलिए डेरे को साधु व साध्वी से खाली करवाया जाए ताकि गांव में शांति बनी रहे। गांव के सरपंच नरेश कुमार के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों वजीर, नरेंद्र, बलिंदर, कमलेश, सुदेश, बबीता, राममेहर, सुभाष, जगपाल आदि ने कहा कि गांव के डेरे में महंत नंदाईनाथ रहते थे। गांव की ही एक युवती ने साध्वी बनकर अपना नाम दुर्गाईनाथ रख लिया और अब वह भी नंदाईनाथ के साथ ही रहती है। दोनों के कारण पूरे गांव का माहौल खराब हो रहा है।

## उचाना कलां के खेड़ी मंसानिया रोड पर लगेगा स्वागत द्वार

### अलग-अलग कामों को लेकर नपा ने लगाए 61 लाख रुपये के टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

नपा द्वारा अलग-अलग कामों को लेकर 60 लाख रुपये के टेंडर लगाए गए हैं। नपा द्वारा लाइन पार उचाना कलां से खेड़ी मंसानिया को जाने वाले रोड पर स्वागत द्वार बनाया जाएगा। इसको लेकर 19 लाख से अधिक की राशि का टेंडर लगाया गया। वार्ड नंबर 13 में ऐसे ही राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल उचाना कलां में चार दीवारी एवं पेवर ब्लॉक को लेकर 21 लाख से अधिक की राशिए राजकीय प्राइमरी स्कूल रेलवे फाटक के पास खेल मैदान में ट्रैक के निर्माण के साथ-साथ अन्य कार्य को लेकर 21 लाख से अधिक के टेंडर लगाए गए है। इन दिनों कामों को लेकर 61 लाख से अधिक की राशि के टेंडर नपा ने लगाए हैं। नपा द्वारा शहर में स्वागत द्वार लगाए जा रहे है। अब तक पुलिस थाना के सामने 40 फीटा रोड, उचाना कलां के भौंगरा, खापड़ को जाने वाले रोड, नरवाना बाईपास पर स्वागत द्वार लगाए गए हैं। इन स्वागत द्वारों के नाम शहीदों के नाम से रखे जा रहे हैं। गलियों का निर्माण कार्य भी करवाया जा रहा है। बीते करीब एक साल से विकास की रफ्तार शहर में बढ़ी है।

स्कूल में ट्रेक बनने से यहां पर एथलेक्टिस की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों, युवाओं को फायदा होगा। स्कूल में ट्रेक बनने से सुबह, शाम खिलाड़ी भी तैयारी कर सकेंगे। स्कूल में चार दीवारी नहीं होने से स्कूल के पास जो तालाब है, उसका पानी भी स्कूल परिसर में भर जाता है। स्कूल परिसर में पेवर ब्लॉक नहीं होने से मैदान कच्चा है। ऐसे में बारिश के समय यहां पर कीचड़ हो जाता है। इन कामों को लेकर नपा ने टेंडर जारी किए है। पार्षद पंकज करसिंधु, कपिल जोगी, दीपक ने कहा कि शहर में हो रहा विकास अब दिखाई देने लगा है। नपा में होने वाली मीटिंग में जो-जो प्रस्ताव पारित हुए है उन पर निरंतर काम होने लगा है। स्वागत द्वार पहली बार उचाना में लगाए गए हैं।

#### टेंडर लगाए

नपा सचिव विक्रमजीत सिंह ने बताया कि नपा द्वारा तीन कामों को लेकर टेंडर लगाए गए हैं। फाटक के पास स्कूल में विभिन्न कामों, स्वागत द्वार को लेकर करीब 61 लाख के आसपास के टेंडर लगाए गए हैं।



## खबर संक्षेप

### महिला से अश्लील हरकत, मामला दर्ज

**जींद।** गांव अलेवा खेत में गई महिला के साथ बदसलूकी करने तथा अश्लील हरकत करने पर अलेवा थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ अशील हरकत करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
गांव अलेवा निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है।

### जन्मदिन पर खिलाया गोवंश को हरा चारा

**उचाना।** अग्रवाल समाज के युवा प्रधान गौरव बंसल दनौदा द्वारा अपने जन्म दिन पर शहर की नंदीशाला में गायों को हरा चारा डाल कर जन्म दिन को मनाया गया। नंदीशाला में काफी समय से लोग परिवार में कोई भी खुशी हो तो हरा चारा की सवामणी लगाते हुए गायों को हराचारा डालते है। गौरव बंसल ने कहा कि जन्म दिन पर गायों की हराचारा डाला कर उनकी सेवा भी की।

### कपट से एकत्रित धन नहीं आता काम :अशोक

**उचाना।** महाराज अग्रसेन मंदिर उचाना मंडी में धर्म सभा में पुजारी अशोक शर्मा ने कहा कि अपनों से छल कपट किया जमा धन भी एक दिन काम नहीं आएगा। विकट समय में अपने ही काम आएंगे। अतरू स्वार्थ से वशीभूत होकर जीवन में रिश्ते खराब न करें। जीवन में कभी भी कपटए छल करके धन एकत्रित नहीं करना चाहिए।

### भारतीय टीम की जीत को लेकर मांगी दुआ

**जींद।** आगामी 26 जुलाई से पेरिस में शुरू होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय टीम शुक्रवार को रवाना हुई। इस अवसर पर पूरा भारत भारतीय खिलाड़ियों की जीत की कामना कर रहा है। इस श्रृंखला में आधरशिला विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी स्कूल के प्रागंण में संगठित हो कर हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जयघोष करते हुए अपनी भावनाएं प्रेषित की।

### टूटे ताले, नकदी समेत अन्य सामान चोरी

**जींद।** जिले में चोरों ने अलग-अलग दों स्थानो पर ताले तोड़ कर लैपटॉप, नगदी व अन्य सामान को चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव जुलानी निवासी नवीन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चोरों ने हुडा मार्केट स्थित कार्यालय से दो लैपटॉप को चोरी कर लिया।

### अलग-अलग स्थानों से दो युवतियां लापता

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों तथा महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। गांव भागखेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात उसकी 20 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। वहीं ढांडाखेड़ी से भी बीती रात युवती संदिग्ध हालात में गायब हो गई।

### पैंडिंग कार्यों को करवाने के लिए अपना आवेदन पत्र दें

**जींद।** हरियाणा बिजली पेंशनर्ज वैलफेयर एसोसिएशन के प्रधान जिले सिंह शर्मा ने कहा कि हरियाणा सरकार व बिजली निगमों द्वारा पैंशनर्ज की पैंडिंग मांगों पर तुरंत प्रभाव से कार्यवाही की जा रही है। इसलिए कार्यकारिणी ने फैसला लिया है कि सभी को सूचित किया जाए कि कार्यालय में जल्द से जल्द पहुंच कर अपने पैंडिंग कार्यों को करवाने के लिए अपना आवेदन पत्र दे दें ।

### राजनीति में स्वच्छ लोगों का आना जरूरी : चढूनी

**जींद ।** किसान यूनियन से राजनीति में आए गुरनाम सिंह चढूनी ने कहा कि संयुक्त संघर्ष पार्टी का गठन करने के पीछे का मकसद जनता को सुविधाएं देना है। आज गंदी होती जा रही राजनीति में स्वच्छ लोगों का आना जरूरी है। भाजपा व जजपा को छोड़कर उनकी पार्टी किसी अन्य पार्टी से गठबंधन कर सकती है।


## पांच दिनों से तहसील कार्यालय में सन्नाटा

# कंप्यूटर संघ की हड़ताल से 40 करोड़ तक का नुकसान

### तीन हजार से ज्यादा रजिस्ट्री रूकी, नही हो पा रहे लोगों के काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ के आह्वान पर पिछले पांच दिनों लगातार हड़ताल पर चल रहे कंप्यूटर ऑपरेटरों के कारण तहसील कार्यालय का कामकाज बिल्कुल ठप हो गया है। हर दिन आमजन तहसील कार्यालय पहुंच रहे हैं लेकिन बिना काम करवाए उन्हें वापस लौटना पड़ रहा है। हालांकि शुक्रवार को क्लर्कों के माध्यम से कार्य को सुचारू करवाने का प्रयास किया गया। जिन्होंने छोटे-मोटे कामों को किया भी लेकिन रजिस्टरी, फर्द जैसे अहम कार्य नही हो पाए। पिछले पांच दिनों में तहसील कार्यालय से एक भी कागज इधर से उधर नहीं हुआ है। क्योंकि तहसील कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटरों की कुर्सियां खाली पड़ी है। अबतक सरकार को राजस्व के रूप में 40 करोड़ का नुकसान हो चुका है और तीन हजार से ऊपर रजिसट्रियां अटकी हुई हैं। इसके अलावा जमाबंदी, नकल, फर्द जैसे कार्य भी नहीं हो रहे हैं। ऐसे में जिला प्रशासन भी मूकदर्शक बन कर यह सब देख रहा है लेकिन लोगों की परेशानियों को नहीं समझ रहा है।



**जींद।** तहसील कार्यालय पर हडताल को लेकर चस्पा किए गए नोटिस।

### ई-दिशा केंद्र से भी बगैर कार्य लौट रहे लोग

लघु सचिवालय स्थित ई-दिशा केंद्र से रोजाना बिना कार्य हुए लोग वापस लौट रहे हैं। लोग इसी उम्मीद के साथ रोजाना ई-दिशा केंद्र आते हैं कि जिला प्रशासन द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था किए जाने से उनके काम हो जाएंगे। कर्मचारियों की व्यवस्था करके कंप्यूटर ऑपरेटरों की जगह बैठा दिया होगा लेकिन जब ई-दिशा केंद्र आते हैं तो दो-चार कर्मचारी ही बैठे मिलते हैं। जिनको आधा-अधूरा ज्ञान ही होता है। वहीं सीएम विंडो वाला काउंटर पिछले पांच दिनों से बंद पड़ा है। रोजाना आठ से दस लोग तो सीएम विंडो पर अपनी शिकायत देने पहुंच रहे हैं लेकिन सीएम विंडो वाला काउंटर बंद मिलता है। वहां बैठे कर्मचारी का एक ही जवाब होता है कि कंप्यूटर ऑपरेटर हड़ताल पर हैं। जब आएंगे तो सीएम विंडो काउंटर खोल दिया जाएगा। हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ के संगठन संयोजक राजेश गौतम ने कहा कि कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ ने सरकार को पहले अल्टीमेटम दे दिया था। बावजूद इसके सरकार ने कोई ध्यान नही दिया। वीरवार को करनाल में सीएम आवास का घेराव किया जाएगा। हड़ताल के कारण लोग परेशान का सामना करना पड़ रहा है। फिर भी सरकार पर इसका कोई असर नहीं हो रहा है। सरकार को हर रोज करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने उनकी मांग नही मानी तो आंदोलन को और तेज कर दिया जाएगा।

### हडताल के चलते नही हो रही रजिस्ट्री : लाठर

तहसीलदार शालिनी लाठर ने कहा कि कंप्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल के चलते लोगों के तहसील कार्यालय, जमाबंदी, नकल, फर्द, इंतकाल और रजिसट्रियां नहीं हो पा रही हैं। अभी कंप्यूटर ऑपरेटरों की व्यवस्था नहीं हो पाई है।

### नही हो रहे कामयाब

हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ की हडताल के बाद लगातार प्रशासन द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था बनाने के दावे किए जा रहे हैं लेकिन यह संभव नही हो पा रही है। पिछले तीन दिनों से जिला अधिकारियों द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था करवाने की बयानबाजी दी जा रही है लेकिन अभी तक एक भी कर्मचारी की व्यवस्था नहीं करवा पाया है। लोग प्रतिदिन आते हैं और बिना काम करवाए ही बैरंग लौट जाते हैं। उनके चेहरों पर बेबसी की साफ लकीरें दिखाई देती है लेकिन जिला प्रशासन उनकी सुध नहीं ले रहा है। यदि कंप्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल लगातार जारी रही तो लोगों के तहसील संबंधित कार्य अटकने से उनको करोड़ों रुपये का नुकसान भी हो जाएगा।

# समस्याओं का हो रहा समाधान : डीसी

- सीएससी सेंटर पर करवा सकते हैं फैमिली आईडी की कुछ समस्याओं का समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** समाधान शिविर में शिकायतें सुनते हुए डीसी मोहम्मद इमरान रजा व अन्य अधिकारी।

लघु सचिवालय के सभागार में डीसी मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में जनता की शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेते हुए समस्याओं का मौका पर समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है।

शुक्रवार को उन्होंने समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के साथ मौके पर समाधान करते हुए नागरिकों को राहत पहुंचाई तथा कई समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। समाधान शिविर में शुक्रवार को 109 शिकायतें समाधान के लिए रखी गई।

जिनमें से अधिकतम शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। उन्होंने बताया कि समस्याओं के त्वरित समाधान में समाधान शिविर कारगर साबित हो रहें हैं। हरियाणा सरकार की ओर से समाधान प्रकोष्ठ का भी गठन किया गया है, जिसका उद्देश्य शिकायत निवारण प्रक्रिया को व्यवस्थित करना और लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को बढ़ावा देने के लिए होंगी प्रतियोगिताएं : इमरान

- प्रस्तुतियां जमा कराने की अंतिम तिथि 27 जुलाई निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बेटी बचाओ-बेटी पढाओ अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं की घोषणा की गई है ताकि सब मिलकर अपने समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहयोगी बनें। प्रस्तुतियां जमा कराने की अंतिम तिथि 27 जुलाई 2024 निर्धारित की गई है। न्होंने बताया कि इन प्रतियोगिताओं को विभिन्न श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। जिनमें गायन, रेडियो जिंगल, गीत, रैप, वीडियो आदि शामिल किया गया है। गायन प्रतियोगिता में संबंधित प्रतिभागी अपनी आवाज मे जादू भरें और एक ऐसा गीत रिकार्ड करें जो बालिकाओं को बचाने और शिक्षित करने के महत्व पर जोर देता हो। रेडियो जिंगल में एक आकर्षक और प्रभावी रेडियो जिंगल बनाएंए जो बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के संदेश को घर-घर तक पहुंचाएं।

गीत में अपनी मौलिकता को निखारें और एक ऐसा गीत बनाएं जो बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का उत्सव मनाता हो। उन्होंने बताया कि रैप में एक जोशीला रैप लिख कर प्रस्तुत करेंए जो बालिकाओं को शिक्षा और सुरक्षा के माध्यम से सशक्त बनाने के महत्व को उजागर करता हो।

### मनरेगा कानून को सरकार ने बनाया पंगू

**जींद ।** जुलाना स्थित लेबर शैड में मनरेगा श्रमिक यूनियन व खेत मजदूरी यूनियन की संयुक्त बैठक का आयोजन मजदूर नेता सुरेश करसोला की अध्यक्षता में हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए रमेश चंद्र ने कहा कि भाजपा की केंद्र व राज्य सरकारों ने मनरेगा कानून को पंगु बनाकर रख दिया है। मजदूरों को ना तो न्यूनतम मजदूरी मिलती ना ही कानून अनुसार गांव से पांच किलोमीटर दूर जाने पर किराया मिलता और ना ही मांगने पर काम मिलता है। काम करने के बाद आमतौर पर कम मजदूरी देने का रिवाज ही बना दिया है। ऊपर से महंगाई की मार बे इंतेहा है जियो टैग लाकर सरकार ने मजदूरों के जले पर नमक छिड़कने का तरीका अपनाया है।

# डीएवी स्कूल के छात्रों ने जीते पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल जींद के बच्चों ने बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक प्राप्त कर जींद जिले का नाम रोशन किया है। डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या रश्मि विद्यार्थी ने बताया कि यह प्रतियोगिता गत 14 जुलाई को इंडस पब्लिक स्कूल जींद में हुई। इस प्रतियोगिता में लगभग 70 बच्चों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता आयु वर्ग 11 से 17 तक थी। इस प्रतियोगिता में आयु वर्ग 15 डबल में अद्विका, सोनाया ने स्वर्ण पदक प्राप्त किए। वहीं आयु वर्ग 13 डबल में निशांत व आयु वर्ग 15 में याशिता ने रजत पदक प्राप्त किए। आयु वर्ग 11 डबल में नितेश ने स्वर्ण पदक तथा आयु वर्ग 13 सिंगल में सेजल ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। आयु वर्ग 13 व 15 सिंगल में अद्विका ने कांस्य व रजत पदक तथा सोनाया ने आयु वर्ग 15 सिंगल में कांस्य पदक जीता वहीं आयु वर्ग 11 सिंगल में नितेश ने कांस्य पदक जीता। उन्होंने कहा विद्यालय का कोई भी बच्चा जब खेल कर आता है तब पदक अवश्य प्राप्त करके लाता है। जिससे विद्यालय काए जींद शहर का नाम रोशन होता है। पदक प्राप्त करने वाले खिलाडियों को विद्यार्थी ने भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।



**जींद।** पदक जीतने वाले डीएवी स्कूल के विद्यार्थी प्राचार्या के साथ।

### जहां चुनाव नजदीक हो वहां पहुंच जाती है ईडी : बृजेंद्र सिंह

**उचाना।** कांग्रेस नेता एवं पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने कहा कि जिस प्रदेश में चुनाव नजदीक होते है वहां पर ईडीए दूसरी एजेंसी पहुंच जाती है। हरियाणा में अभी चुनाव में तीन महीने के आसपास का समय है। अपना राजनीतिक उल्लू सीधा करने के लिए सरकार एजेंसियों का दुरूपयोग कर रही है। यह बहुत गलत परंपरा शुरू की जा रही है। महाराष्ट्र में सबने देखा वहां पर पार्टियों को तोडने के लिए छापेमारी की गई। बीजेपी में शामिल होने के बाद मामले भी खत्म हो जाते हैं। ईडी सहित अन्य एजेंसियों भी नरम पड़ जाती है। इस तरह की प्रक्रिया को लोगों ने पंसद नहीं किया। महाराष्ट्र में इसका सबसे बड़ा प्रभाव नजर आया। पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह शुक्रवार को गांव खेड़ी मंसानिया में कार्यकर्ताओं के साथ मिलने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। पूर्व संसद ने कहा कि बीजेपी की जहां भी सरकार है वहां पर अफसरशाही चलती है। जो मंत्री होते हैं, उनकी भूमिका बहुम कम नजर आती है। केंद्र की सरकार हो या फिर जहां भाजपा का शासन है वहां पर भी ये ही कहानी है। जहां भाजपा की सरकार होती है वहां सरकार में अफसरशाही हावी रहती है।

# कांग्रेस राज में पोर्टल होंगे बंद: भारद्वाज

- हरियाणा कांग्रेस प्रदेश कमेटी सदस्य रघबीर दुकानदारों से मिले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



**जींद।** बाजार में दुकानदारों से रूबरू होते हुए हरियाणा कांग्रेस प्रदेश कमेटी सदस्य रघबीर भारद्वाज।

हरियाणा कांग्रेस प्रदेश कमेटी सदस्य रघबीर भारद्वाज ने कहा कि परेशानी देने वाले पोर्टलों को कांग्रेस सरकार आने पर बंद करवा दिया जाएगा। भाजपा सरकार का जो निर्णय लोगों के लिए दुखदायी रहा है, उन्हें रद्दी टोकरी में डलवा जाएगा, ताकि जनता.जनार्दन खुशी खुशी के साथ अपना जीवनयापन कर सके। भारद्वाज ने ये वक्तव्य शहर के पंजाबी बाजार और मेन बाजार में दुकानदारों से रूबरू होते हुए कहे। बलवान मास्टर, ओमप्रकाश पटवारी, सतपाल रेढू, जोगेंद्र, वेदप्रकाश, अजीत, जयपाल, राहुल, निखिल, सुशील, दिनेश, पाला शर्मा, अनिल रोहिल्ला, राजेंद्र आदि कांग्रेस कार्यकत्र्ता मौजूद थे। भारद्वाज ने कहा कि भाजपा सरकार ने एक षडयंत्र के तहत नए-नए पोर्टलों को इजाद किया। इन पोर्टलों की आड़ में सत्तासीनों ने एक तरह से लोगों की जेबों पर डाका डालने का काम किया है। प्रोपर्टी आईडी से मिली परेशानी के कारण जींद शहर के जिन-जिन लोगों ने मजबूरी में अपनी जेबें ढिल्ली करनी पड़ी हैं वे इस दर्द से वाकिफ हैं। प्रोपर्टी आईडी के मार्फत जो भ्रष्टाचार का खेल हुआ और वह किस सत्ताधारी की जेब में जाता था, इसे जींद का बच्चा-बच्चा जानता है। यह सब खेल सत्ता के सरंक्षण में हुआ। अब विधानसभा चुनाव में वोट की चोट से सत्ताधारियों से हिसाब लेने का मौका है।



**जींद।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पौधरोपण करते स्टाफ व छात्र।

### पर्यावरण के लिए पौधों का महत्वपूर्ण योगदान : नरेश

**जींद।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को पौधरोपण अभियान चलाया गया। इस अभियान की अध्यक्षता प्रधानाचार्य नरेश पांचाल द्वारा की गई। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण जीवन का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए। हमें जल वायु और जमीन को संभाल कर रखना चाहिए इन्हीं से मनुष्य का जीवन है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के लिए पौधों का सबसे महत्वपूर्ण योगदान है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने चाहिए ताकि पर्यावरण को स्वच्छ बनाया जाए और दूषित होने से बचाया जा सके। वर्ग अनुदेशक केवल सिंह ने कहा कि हमें भूत काल को नहीं भूलना चाहिए। कोरोना काल में ऑक्सीजन के लिए लोग मारे मारे फिर रहे थे। जिन लोगों को ऑक्सीजन की जरूरत पड़ी उन लोगों को अब ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए और उनकी देखभाल करनी चाहिए। इस दौरान स्टाफ सदस्यों व छात्रों नने पौधरोपण किया। अनुदेशक विकास कुमार, जसविंदर सिंह, सतीश कुमार, रवीना, सुमन देवी, सुनीता देवी, ज्योति रानी मौजूद थी।

# पर्यावरण संरक्षण को बचाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण करने के लिए अधिक से अधिक पेड़, पौधे लगाएं। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति मां के नाम एक पेड़ अवश्य लगाएं। आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए पेड़-पौधे लगाना अंत्यत जरूरी है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा व उनकी पत्नी डा. सदफ माजिद ने शुक्रवार को डीसी कालोनी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाएं।



**जींद।** डीसी कालोनी में पौधरोपण करते हुए डीसी मोहम्मद इमरान रजा।

उन्होंने कहा कि सभी को अपनी मां के नाम एक पौधा आवश्य लगाना चाहिए। यह हमारी मां और धरती मां के प्रति सम्मान का प्रकटीकरण है। आज हर व्यक्ति को एक पौधा लगा कर मां और धरती मां को सम्मान देना चाहिए। यह वर्तमान समय की मांग है। अधिक से अधिक पौधों का रोपण कर धरती के बढे हुए तापमान पर संतुलन पाया जा सकता हैं ताकि हमारी आने वाली पीढियां सुरक्षित रह सकें।



**जींद।** एसडीएफसी बैक में बच्चों की जानकारी देते बैक कर्मचारी।

### डीबीके स्कूल के विद्यार्थियों ने किया बैंक का भ्रमण

**नरवाना।** शुक्रवार को डीबीके पब्लिक स्कूल के कक्षा ग्याहरवी कामर्श के छात्र-छात्राओं ने एचडीएफसी बैंक का भ्रमण किया। बच्चों ने बैंक में बैंक के प्रबंध ट बैंक में रुपए के लेन-देन के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस भ्रमण का मुख्य उदेश्य बच्चो को बैकिंग और वितीय संचालन को व्यवहारिक रूप से सिखाना है। बच्चो का सर्वागीण विकास के तहत स्कूल बच्चो को क्रियात्मक रूप से सिखाने के उद्ददेश्य से विभिन्न समय पर इस प्रकार के भ्रमण करवाता रहता है। भ्रमण के दोरान बच्चो ने बैंक के अधिकारियों से मिल कर बैंक में बचत, चालु व अन्य निवेश से जुड़े मामलो की जानकारी प्राप्त की। बैंक प्रबंधक ने बच्चों को बैंक से सम्बंधित महत्वपूरण जानकारी दी। बच्चो ने स्कूल में वापस आकर अपने अनुभव प्रधानाचार्या रीटा वालिया से सांझे किये। प्रधानाचार्या ने बताया कि बच्चो के विकास के लिए इस तरह की गतिविधिया बहुत जरूरी होती है।

## 21 से 25 जुलाई तक सफीदों विस में निकाली जाएगी पदयात्रा: सैनी

# भाजपा की नीतियां हर व्यक्ति तक पहुंचाना लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कान्फेड के चेयरमैन कर्मवीर सैनी ने कहा कि भाजपा राजनीति को कांग्रेस की तरह व्यवसाय के तौर पर नही लिया है। भाजपा राजनीति समाजसेवा और राष्ट्रहित के रूप में करती है। भाजपा ने सरकार की कल्याणकारी योजनाएं तथा भाजपा की नीतियों को हर बूथ तक पहुंचाने के लिए सफीदों विस में पद यात्रा निकालने का निर्णय लिया है। जो 21 जुलाई को गांव डिडवाडा से शुरू होकर 25 जुलाई को गांव मुआना में संपन्न होगी। जिसमें मुख्यअतिथि भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली होंगे। कर्मवीर सैनी शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने पौने दस साल के कार्यकाल में हर तबके तथा वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू की हैं। देश विश्व में महाशक्ति के रूप में उभरा है। किसानों को 14 फसलों पर एमएसपी दिया गया है। तुरंत भुगतान किया जाता है। देरी होने पर नौ प्रतिशत ब्याज सहित राशी दी जाती है। पूर्व में कांग्रेस सरकार किसानों पर लाठियां भांजती थी और गोलियां चलवाती थी। भाजपा सरकार किसानों को सम्मान स्वरूप छह हजार रुपये प्रति एकड़ दे रही है। फैमिली आईडी से साढ़े पाच सौ सेवाएं जोड़ी गई हैं। अयुष्मान योजना का लाभ लोगों को दिया गया है। गरीब लोगों के अपने आप बीपीएल कार्ड बन कर घर पहुंच रहे हैं। कभी किसी ने नही सोचा था कि धारा 370 टूटेगी, राम मंदिर बनेगा, वाराणसी कारीडोर बनेगा। भाजपा सरकार ने इसको कर दिखाया। पंचायतों को 21 लाख तक की पॉवर दी गई।



**जींद।** पत्रकारों से बातचीत करते कान्फेड चेयरमैन कर्मवीर सैनी।

**प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी:** गांव में कार्यक्रम होने पर सरंपच मुख्यअतिथि के साथ बगल वाली सीट पर बैठेगा। क्रीमीलेयर की लिमिट को बढ़ा कर आठ लाख रुपये किया है। बैकलॉग की सीटों को भरा गया है। पिछडा वर्ग का आरक्षण 15 से बढा कर 27 प्रतिशत किया गया है। बीसी बी को भी पांच प्रतिशत आरक्षण देने का कार्य भी भाजपा सरकार ने किया है। प्रदेश में सड़कों का जाल बिछा है। हर जिले में मेडिकल कॉलेज की सुविधा दी जा रही है। विकास कार्यों में भाजपा का कोई मुकाबला नही है। समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंच रहा है। भ्रष्टाचार को समाप्त कर योग्यता के आधार पर नौकरियां युवाओं को दी गई हैं। उन्होने कहा कि प्रदेश में तीसरी बार फिर से भाजपा सरकार बनेगी।



**जींद।** महाविद्यालय के प्रागंण में पौधारोपण करते स्टाफ सदस्य।

### छात्राओं ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**नरवाना।** कस्बे के एसडी महिला महाविद्यालय के प्रांगण में प्राचार्या डॉ अंजना लोहान की अध्यक्षता में एनएसएस की स्वयं सेविकाओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण की श्रृंखला को आगे बढ़ते हुए महाविद्यालय प्रांगण में पौधारोपण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके पश्चात एनएसएस स्वयंसेविकाएं कार्यक्रम प्रभारी मधु शर्मा और मूर्ति जागलान के साथ गांव गुरुसर में गए। वहां पर एन एस एस स्वयंसेविकाओं ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत गांव में पर्यावरण जागरूकता रैली निकाली और एक पेड़ मां के नाम, पेड़ लगाओ पर्यावरण बचाओ नारे के साथ लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। गांव की योगशाला में विभिन्न प्रकार के 80 पौधे लगाए जैसे अमरुद, जामुन, आम, नीम, शीशम आदि। इस मौके पर सरपंच गीतांजलि, मधु शर्मा, मूर्ति जागलान, डा. शालू सचदेवा, रेखा कोहली, डा. अनीता छाबड़ा अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### बलकार सिंह ने शहीद को दी श्रद्धांजलि

**पूंडरी।** सांसद कुमारी शैलजा के बेहद करीबी एवं कांग्रेसी नेता चौ. बलकार सिंह पूंडरी सिरसा से कांग्रेस की लोकसभा सांसद कुमारी शैलजा के साथ जींद के जाजनवाला गांव निवासी शहीद प्रदीप नैन के परिवार से मिलने पहुंचे। बलकार पूंडरी ने शहीद को श्रद्धांजलि दी व साथ ही परिवार के साथ दुःख बांटा। चौ. बलकार सिंह पूंडरी विधानसभा से चुनावों की तैयारियां कर रहे हैं। बलकार सिंह ने बातचीत में बताया कि शहीद प्रदीप नैन का परिवार बेहद बहादुर है। अकेला बेटा जिसकी पत्नी गर्भवती है, उसके बाद भी परिवार हौंसला बंधाए हुऐ हैं।



### पुंडरी में भाजपा के लिए कोई जगह नहीं : प्रेम

**पूंडरी।** पूंडरी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला कष्ट निवारण समिति के पूर्व सदस्य प्रेम धीमान ने विधानसभा क्षेत्र पूंडरी के बारे में बातचीत करते हुए बताया की हरियाणा राज्य के गठन से लेकर अब तक 12 विधानसभा चुनाव हुए, जिसमें 6 बार निर्दलीय विधायकों ने जीत दर्ज की। पूंडरी हल्के की जनता ने कांग्रेस पार्टी को 3 विधायक दिए, 1968 में पहली बार चौ. ईश्वर सिंह आजाद चुनाव जीते, इसके पश्चात ईश्वर सिंह 1972 और 1982 में कांग्रेस पार्टी की टिकट से जीते। लोकदल पार्टी से मक्खन सिंह 1987 में जीते, फिर 1991 में कांग्रेस की टिकट पर ईश्वर सिंह जीते और हरियाणा सरकार में स्पीकर भी रहे।

### युवती और महिला बिना बताए लापता

**कैथल।** जिले में दो अलग-अलग स्थानों से एक युवती और एक महिला के बिना बताए घर से चले जाने का मामला प्रकाश में अया है। पहले मामले में ढांड पुलिस को दी शिकायत में बडाम गांव के एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि 17 जुलाई को उसकी बहन ढांड के एक कॉलेज में पढ़ने के लिए आई थी। आरोप है कि वह ढांड के बस स्टैंड से बिना बताए कहीं चली गई। उसने उसकी आसपास काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला। जोगेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरे मामले में पट्टी अभियान कैथल के एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है कि 16 जुलाई को उसकी पत्नी बिना बताए घर से चली गई। जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल कुलदीप कौर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट में एक घायल मामला दर्ज

**कैथल।** गुहला पुलिस ने मारपीट का एक मामला दर्ज किया है। हेमू माजरा के बलदेव राम ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 17 जुलाई को जीतराम, सुखदेव राम, सुचाराम, करण, सुनहरी देवी और सुखी देवी ने मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। यह भी आरोप है कि आरोपियों ने उसे पर ईंटों से हमला भी किया।

### नागरिक अस्पताल के निकट से बाइक चोरी

**कैथल।** कैथल के नागरिक अस्पताल के निकट से चोर एक बाइक चुरा कर ले गए। गांव जगदीशपुर के लखविंदर सिंह ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को शिकायत में आरोप लगाया है कि कर 17 जुलाई को नागरिक अस्पताल कैथल के निकट खड़ी उसकी बाइक चुरा कर ले गए। दूसरे मामले में मालखेड़ी गांव के विक्रम ने आरोप लगाया है कि चोर 16 जुलाई को बस स्टैंड पुलिस चौकी के सामने खड़ी उसकी बाइक चुरा कर ले गए। हेड कांस्टेबल संदीप ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू कर दी है।

## समाधान शिविर में उपायुक्त ने सुनी लोगों की फरियाद

# हर पात्र को मिले योजनाओं का लाभः डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार समाधान शिविर में शिकायत सुनते हुए।

डीसी प्रशांत पंवार शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में लगाए गए समाधान शिविर में 30 शिकायतों पर सुनवाई। इस दौरान डीसी ने मौके पर ही अधिकतर समस्याओं पर सुनवाई की। इस मौके पर डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि प्रदेश सरकार के आदेशानुसार जिला प्रशासन की ओर से लगाए जा रहे समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को प्रदान करना है। इसलिए संबंधित अधिकारी समाधान शिविर में आने वाली इस प्रकार की शिकायतों पर त्वरित एक्शन ले और पात्र व्यक्ति को संबंधित योजना का लाभ लेने में आ रही समस्या को नियमानुसार समाधान करें। कहा कि प्रतिदिन कार्य दिवस में प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक लगाए जा रहे समाधान शिविर में काफी संख्या में नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर आ रहे हैं, जिनका मौके पर समाधान किया जाता है। जिन शिकायतों का समाधान मौके पर ही संभव नहीं होता है उनके समाधान के लिए समय निर्धारित किया जाता है। प्रतिदिन शिकायतों की एक्शन टेकन रिपोर्ट समाधान प्रकोष्ठ पर अपलोड की जाती है। शिविर में गांव दयोहरा के मनरेगा मजदूर पिछले महीने सिंचाई विभाग के तहत किए गए कार्य की मजदूरी नहीं मिलने संबंधित शिकायत लेकर आए। एडीसी ने सुनवाई करते हुए बताया कि आपने ऑनलाइन हाजिरी नहीं लगाई है, जिसकी वजह से यह समस्या पैदा हुई है। उन्होंने संबंधित मनरेगा मेट को निर्देश दिए कि वे कार्य के दौरान ही सभी मजदूरों की ऑनलाइन हाजिरी लगाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने सिंचाई विभाग तथा संबंधित एबीपीओ से इस बारे रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार गांव पोबाला निवासी रवीना, सौंगल निवासी बलजीत सिंह, कैथल वासी हीरा, कसान निवासी अंजु तथा डीग निवासी राहुल ने अपनी आय सही करवाने संबंधित आवेदन किया।

### शिविर में आई 20 शिकायतें, सभी का मौके पर किया समाधानः कृष्ण कुमार



**गुहला-चीका।** एसडीएम कृष्ण कुमार ने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का मौके पर समाधान करना है, ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ मिल सके और समस्याओं के समाधान से जनसाधारण को राहत पहुंचे। एसडीएम ने शुक्रवार को खंड स्तरीय समाधान शिविर में शिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाली वृद्ध महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों की समस्याओं को विशेष तवज्जो देते हुए निपटाएं। शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत पर कार्रवाई हो और निर्धारित समय में रिपोर्ट भी भेजी जाए। शुक्रवार को आयोजित शिविर में कुल 20 शिकायतें आई जिनमें से लगभग सभी शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में पहुंचने वाले शिकायतकर्ताओं की शिकायत का निदान उनकी प्राथमिकता है। इसका असर धरातल पर दिखाई दे रहा है। लोग अपनी समस्याओं को लेकर जब समाधान शिविर में पहुंचते हैं उनके चेहरे पर खुशी जरूर दिखाई पड़ती है। एक ही स्थान पर आमजन की शिकायतों का निवारण किया जा रहा है। आमजन की समस्या का समाधान अधिकारियों के सहयोग से तत्काल हो रहा है। यहीं कारण है कि लगातार समाधान शिविर में नागरिकों की संख्या बढ़ती जा रही है। एसडीएम ने बताया कि समाधान शिविर के दौरान लगातार नागरिकों की मूल समस्या जिसमें प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, सभी प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, बिजली एवं पेयजल से संबंधित समस्याओं को प्राथमिकता से पूरा किया जा रहा है। इस शिविर में संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।



**गुहला चीका।** अमरीक सिंह सरपंच तारांवाली व रणजीत सिंह विर्क अपने साथियों के साथ

# राजनीतिक विरोधी रवि तारांवाली की लोकप्रियता से घबराएं : रणजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका

- झूठी न्यूज फैलाने वाले लोग एक भी बात साबित करके दिखए

आज तारावाली के पूर्व सरपंच एंव प्रमुख समाजसेवी अमरीक सिंह सरपंच तारांवाली व रणजीत सिंह विर्क ने कहा कि रवि तारांवाली की ईमानदार व लोकप्रिय छवि व हल्के मे मजबूत पकड देखकर विरोधी घबराऐ हुऐ हैं इसलिए वो उनके खिलाफ झूठ छडयंत्र रचते रहते हैं। जब से रवि तारांवाली एक छोटे से गांव से उठकर इतनी बडी पार्टी की टिकट लेकर आऐ है विरोधी बहुत ज्यादा परेशान हैं।

2019 के चुनाव के दौरान भी कुछ ऐसे राजनितिक लोगो द्वारा जिनकी खुद की राजनिति खत्म हो चुकी है। उनके द्वारा सोशल मिडीया पर ऐसी बात फैलाई थी जिससे रवि की साफ सुथरी छवि पर असर बुरा असर पडे लेकिन उनकी इन झूठी बातो का कोई असर नही हो पाया था॥ अब फिर वही लोग ऐसी ओछी हरकते सोशल मीडिया पर फैला रहे आज रवि तारांवाली ने ईमानदारी से काम करते हुऐ हल्के के साथ,साथ तारांवाली का भी नाम उच्चा किया है। उन्हें गर्व है कि रवि तारांवाली ने हमारे गांव का नाम रोशन किया उनका परिवार बेहद ईमानदार ओर मेहनती है। आज भी रवि तारांवाली का परिवार कच्चे मकानो मे रहता है ओर खेती करके अपना गुजारा कर रहा है लेकिन कुछ लोग उनके बढते कद से परेशान हैं। वे दावा करते हैं कि झूठी न्यूज फैलाने वाले लोग एक भी बात साबित करके दिखए हम गांववासी मुंह मांगा इनाम देंगे।

# सूरज कॉलेज की पायल ने निबंध लेखन में पाया दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



- कॉलेज निदेशक संदीप प्रसाद ने जताई खुशी

हरियाणा राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद पंचकूला की ओर से राज्यस्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन दयानंद महिला महाविद्यालय कुरुक्षेत्र में किया गया।

जिसमें राज्य के अधिकांश सरकारी व निजी कॉलेजों के विद्यार्थियों में से जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता द्वारा निर्धारित हर जिले से चयनित सर्वश्रेष्ठ-10 विद्यार्थियों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। जिससे विद्यार्थियों को विज्ञान विषय पर प्रदान किए गए विशेष विषय पर निर्धारित शब्दों में निबंध लिखने के लिए निर्धारित समय दिया गया, जिसमें सूरज कॉलेज की छात्रा पायल पुत्री अभिमन्यु निवासी खत्रीपुर ने पूरे हरियाणा राज्य में दूसरा स्थान प्राप्त कर अपने कॉलेज एंव क्षेत्र का नाम रोशन किया।

कॉलेज निदेशक संदीप प्रसाद ने खुशी जाहिर कर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुधाकर गुप्ता ने छात्रा पायल एंव परिवार को शुभकामना दी।

# आरकेएसडी कालेज में ओपन काउंसलिंग में उमड़े विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



आरकेएसडी कॉलेज कैथल में 17 जुलाई से ओपन एडमिशन प्रक्रिया चल रही है। ओपन काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग लेने के लिए रोजाना बड़ी संख्या में विद्यार्थी कॉलेज आ रहे हैं। आज कॉलेज ने उन विद्यार्थियों की मेरिट सूची चस्पा कर दी है, जिन्होंने कल अपने आवेदन पत्र जमा करवाए थे। इन सभी विद्यार्थियों ने अपनी फीस जमा करवाई थी, जिन्हें मेरिट सूची में स्थान मिला है। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने बताया कि रोजाना करीब 300 से 400 विद्यार्थी ओपन एडमिशन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए कॉलेज आ रहे हैं। डॉ. गोयल ने बताया कि विद्यार्थी समाजशास्त्र, मनोविज्ञान और मास कम्युनिकेशन जैसे नए विषयों में गहरी रुचि दिखा रहे हैं और करीब 100 से 150 विद्यार्थी इन पाठ्यक्रमों में आवेदन कर चुके हैं। साथ ही स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया भी चल रही है, जो 25 जुलाई तक चलेगी। कॉलेज बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए) पाठ्यक्रम की एक अतिरिक्त इकाई भी लाने का प्रयास कर रहा है, यानी बीसीए में विद्यार्थियों की भारी भीड़ के कारण 70 सीटें और बढ़ जाएंगी।संयोजक डॉ सूरज वालिया ने कहा कि छात्र कॉलेज में आकर कॉलेज के नोटिस बोर्ड पर चिपकाई गई मेरिट सूचियों में अपना नाम और सीरियल नंबर देख सकते हैं और यदि उनके पास कोई प्रश्न या संदेह है तो वे कॉलेज के मुख्य हॉल में प्रवेश के उद्देश्य से विशेष रूप से स्थित कॉलेज हेल्प डेस्क से परामर्श कर सकते हैं।। डॉ गगन मित्तल, डॉ अजय शर्मा, डॉ विनय सिंघल, डॉ राजेश देसवाल, डॉ अलीशा गोयल, डॉ पूजा गुप्ता आदि सहायता कर रहे।

## न्यूज डायरी

### वृक्षारोपण अभियान का सफल आयोजन



**कैथल।** एमडीएन ग्लोबल स्कूल, कैथल की एनएसएस इकाई ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए एक वृक्षारोपण अभियान का सफल आयोजन किया। इस अभियान में कक्षा 11वीं और 12वीं के 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। अभियान की शुरूआत डॉ. विनोद कुमार, निदेशक, और निधि कंसल, अध्यक्ष, एमडीएन ग्लोबल स्कूल द्वारा पौधारोपण के साथ की गई। एनएसएस समन्वयक सतीश ने भी अपने सक्रिय योगदान से विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर स्कूल के प्रबंधक गौरव गर्ग और प्राचार्य डॉ. संत कौशिक ने एनएसएस इकाई को उनके सराहनीय प्रयासों के लिए बधाई दी और कहा कि इस तरह के अभियानों से न केवल पर्यावरण में सुधार होता है, बल्कि विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना भी मजबूत होती है। एनएसएस इकाई के सभी सदस्यों ने अपने समर्पित प्रयासों से इस अभियान को सफल बनाया। सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने भी इस पहल का भरपूर समर्थन किया और इसे सफल बनाने में सहयोग दिया। एमडीएन ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों ने यह साबित किया कि वे पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक और प्रतिबद्ध हैं। यह अभियान हमारे समाज के लिए एक प्रेरणा है कि हम सभी मिलकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें।

### विस चुनाव को लेकर कलायत में भाजपा संगठन की बैठक



**कलायत।** विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा संगठन की बैठक कलायत स्थित लोक निर्माण विश्राम गृह में हुई। इसमें हलका के तीनों मंडलों शक्ति केंद्र प्रमुख, मोर्च अध्यक्ष और मंडल पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। मुख्य वक्ता के तौर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष हजवाना मौजूद रहे। हजवाना ने कहा कि आने वाले एक सप्ताह में हलका कलायत में हर शक्ति केंद्र पर त्रिदेव की बैठक होगी। उपरांत शक्ति केंद्र प्रमुख हर बूथ पर जाकर मतदाताओं से सीधा संपर्क करेंगे। प्रदेश एवं केंद्र सरकार की नीतियों का प्रचार-प्रसार करते हुए लाभार्थियों से संपर्क, हर बूथ पर महिला, युवा व अनुसूचित वर्ग के पांच नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना और समाज में की वोटर से संपर्क करके बूथ को मजबूत करने का अभियान चलेगा। इसके फीडबैक पर प्रफोर्मा भर पार्टी कार्यालय को भेजा जाएगा। हजवाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर जनता को विश्वास है।

### महिला कालेज की सौगात पर सीएम का आभार जताया



**कलायत।** कलायत विधानसभा के गांव सेरधा में अमरनाथ भगत जयराम गर्ल्स कॉलेज को सरकारी दर्जा दिए जाने पर इलाकावासियों का उत्साह देखते ही बन रहा है। शिक्षा की इस सौगात पर प्रदेश की राजधानी चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार करने क्षेत्र के लोग पहुंचे। उन्होंने पूर्व राज्य मंत्री एवं विधायक कमलेश ढांडा की मौजूदगी में लड्डू खिलाकर सीएम का आभार व्यक्त किया। मुलाकात के दौरान कलायत विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विषयों एवं विकास परियोजनाओं पर सार्थक चर्चा हुई। कमलेश ढांडा ने कहा कि कलायत सांख्य दर्शन प्रर्वतक भगवान कपिल मुनि की तपोस्थली है। इस माटी पर ही मुनि जी ने अपनी माता देवहुति को सांख्य दर्शन का ज्ञान करवाया था। विश्व पटल पर धरा के विशेष महत्व को देखते हुए भाजपा सरकार ने कलायत को तीन राजकीय महिला कालेजों की सौगात दी है।

# एथलेटिक्स खेल नर्सरी के खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में जीते पांच पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका



खिलाड़ियों ने जीते राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक।13वी जूनियर व सब जूनियर राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता जिसका आयोजन बेंगलुरु में 15 से 17 जुलाई को हुआ। एथलेटिक्स खेल नर्सरी चीका के खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में पांच पदक जीते । उक्त जानकारी देते हुए एथलेटिक्स कोच डॉक्टर सतनाम सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन पैरा कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा करवाया गया था जिसमें पूरे भारतवर्ष के दिव्यांग खिलाड़ियों ने भाग लिया इस प्रतियोगिता में चीका की एथलेटिक्स खेल नर्सरी के तीन दिव्यांग खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिसमें माफी ने 100 *१ व 400 *१ रेस में स्वर्ण पदक,उषा ने गोला फैंक में रजत पदक,चक्का फैंक में रजत पदक,भालाफैंक में कांस्य पदक और जीवन ने 100 *१२ रेस में रजत पदक जीता है। उन्होंने ने कहा खिलाड़ियों की इस सफलता ने गुहला चीका के बच्चों में एक नया जोश भर दिया है कि मेहनत से कुछ भी हासिल किया जा सकता है खेल नर्सरी में इस समय सुबह शाम 250 खिलाड़ी अभ्यास करते हैं।

### बरसात के बाद उमस ने किया परेशान

**कैथल।** दो दिन पहले हुई बरसात के बाद अब फिर से उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान किया है। इस कारण अब लोग पसीने से तरबतर हो रहे हैं। स्थिति यह है कि बादल तो छा रहे हैं, लेकिन बारिश नहीं हो रही। दो दिन पहले हुई बारिश के कारण गर्मी कुछ हद तक कम हुई थी। लोगों को लगा कि अब मानसून की बारिश होती रहेगी, लेकिन शुक्रवार को बादल छाने से उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल रहे। बादलों के कारण वातावरण उमस भरा रहा। चिप-चिपाती गर्मी में लोग पसीने से लोग तरबतर होते रहे। इस बीच दिन का अधिकतम तापमान 37.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम के मिजाज को देखते हुए लगा कि बारिश होगी, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। अब मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 21 से जुलाई 23 तक हल्की बारिश होने की संभावना है। बारिश होने के बाद कुछ दिन पहले ही खेतों में रोपी गई धान की फसल को इसका खूब फायदा मिलेगा। **स्वास्थ्य के प्रति रखना होगी सावधानी :** नागरिक अस्पताल के प्रधान चिकित्सा अधिकारी डा. सचिन मांडले ने बताया कि मौसम आ रहे बदलाव के साथ सेहत के प्रति सावधानी बरतने की जरूरत है। खान पान का विशेष ध्यान रखें। तापमान में हो रहे उतार-चढ़ाव के हिसाब से लोग अपने आपको नहीं ढाल पा रहे हैं।

# चव्वन ऋषि की ऐतिहासिक धरा का विकास करवाने में सरकार नाकाम साबित : अनीता



**कलायत।** महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव अनीता ढुल बड़सीकरी गांव चौशाला में जनसभा को संबोधित करते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव अनीता ढुल बड़सीकरी ने गांव चौशाला में जनसभा को संबोधित करते हुए बताया कि जब वह घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान के तहत डोर टू डोर कैंपेन कर रही थी तो गाँव के लोगों ने बताया कि हमारे गाँव में चव्वन ऋषि जी के धाम के सौंदर्यीकरण के लिए जो बीजेपी सरकार ने वायदा किया था वो अभी तक पूरा नहीं हुआ। चव्वन ऋषि जी प्रख्यात आयुर्वेद के प्रख्यात घ्याता थे, जिनके द्वारा निर्मित चव्वन प्रास औषधि ने विश्व में अमिट छाप छोड़ी हुई है। हमारे गाँव में सड़क, गलियों व तालाबों में पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। गाँव में तालाबों की खुदाई करने के अलावा पानी की निकासी का प्रबंध तक सरकार द्वारा नहीं किया जा रहा है जिससे गंदा पानी बदबू मार रहा है।पीने का शुद्ध जल तक गाँव वासियों को उपलब्ध नहीं हो रहा है और वाल्मीकि चौपाल की दुर्दशा हुई पड़ी है।अब आने वाले विधानसभा चुनाव में वोट की चोट से जनता इस तानाशाही सरकार को हटाने का काम करेगी।कांग्रेस सरकार बनने पर गाँव की समस्याओं को दूर करने का काम करेगी।इस मौके पर उनके साथ राजेश अम्बरसर, रामेहर फौजी, धर्मवीर फौजी, सुरतु भाल, सतबीर भाल, मदन भाल, जिलेसिंह बालमिकी, प्रताप शर्मा मौजूद रहे।

राजनीति

## शिक्षा से वंचित लोगों को नव भारत साक्षरता मिशन के तहत साक्षर कर मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा

# सरकार ने घर-घर तक शिक्षा की ज्योत जगाने का किया कार्य : लीला राम

- शिक्षा विभाग की और से किया गया राज्य स्तरीय उल्लास मेले का आयोजन
- प्रदेश के सभी जिलों ने प्रस्तुत किए शिक्षा के मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल





**कैथल।** विधायक लीला राम राज्य स्तरीय उल्लास मेले का अवलोकन करते तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

विधायक लीला राम ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार जहां प्रत्येक क्षेत्र के विकास के लिए कार्य कर रही है, वहीं विशेष रूप से शिक्षा के क्षेत्र में नई नीतियां लाकर घर-घर तक शिक्षा की ज्योत जगाने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में शिक्षा विभाग द्वारा राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के तहत नव भारत साक्षरता कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसके अंतर्गत शिक्षा से वंचित 15 वर्ष से ऊपर आयु वाले व्यक्तियों को शिक्षित किया जा रहा है। विधायक लीला राम जाखौली अड्डा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय उल्लास मेला में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इस मेले में प्रदेश के सभी जिलों ने भाग लिया और शिक्षा के नए-नए मॉडल प्रस्तुत किए, जिनका विधायक लीला राम व एसडीएम ब्रह्म प्रकाश द्वारा अवलोकन किया गया। उन्होंने इन मॉडलों की खूब सराहना की।

विधायक लीला राम ने कहा कि जो लोग किसी कारणवश शिक्षा से वंचित रह गए हैं, उन्हें नव भारत साक्षरता मिशन के तहत मुख्य धारा में लाया जाएगा। सरकार का प्रयास है कि कोई भी व्यक्ति शिक्षा से वंचित नहीं रहे। इस अभियान के तहत निरक्षर लोगों को न केवल शिक्षित किया जाएगा, बल्कि तकनीक का उपयोग करना भी सिखाया जाएगा। इसके अलावा मैडिकल शिक्षा पर भी प्रदेश सरकार द्वारा जोर दिया जा रहा है। हर जिले में मैडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं, जिससे डॉक्टरों की कमी दूर होगी तथा स्थानीय लोगों को रोजगार के साथ-साथ बेहत्तर स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी।

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विजय लक्ष्मी ने बताया कि इस अभियान के तहत जिला के 29 हजार 407 व्यक्ति पंजीकृत हैं, जिन्हें 3900 वोलिंटियर्स टीचर्स द्वारा शिक्षित किया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि 2027 तक प्रदेश में कोई भी निरक्षर न रहे। खेल-खेल में शिक्षार्थियों को बुनियादी शिक्षा प्रदान करना तथा नए कौशल सिखाए जाएंगे। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी। इस मौके पर एसडीएम ब्रह्म प्रकाश, सहायक निदेशक राजीव वत्स, स्टेट प्रोग्राम ऑफिसर विरेंद्र सिंह, डीईओ डॉ. विजय लक्ष्मी, डीईईओ सरोज, प्रवीण थरेजा, रामकुमार नैन, भाग सिंह खनौदा, राजू सैन भानपूरा, विकास, सत्तु कठवाड़, केके आनंद, सभी बीईओ के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं, सतीश कुमार पुत्र श्री किदारा रराम निवासी गांव नन्दगढ़ तहसील जुलाना जिला जीन्द बयान करता हूं कि मेरी पुत्री तन्नु मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, जिले सिंह पुत्र बादर राम निवासी गांव करोड़ा, तहसील पूण्डरी, जिला कैथल, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र तरसेम चंद तथा मेरी पुत्रवधु प्रवीन दोनों मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### करियाना की दुकान से हजारों का सामान चोरी

**कैथल।** गांव देवबन से चोर एक करियाना की दुकान का ताला तोड़कर उसमें से हजारों रुपए का सामान चुरा कर ले गए। गांव देवबन के गुलशन कुमार ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि वह गांव में करियाना की दुकान करता है। दुकान का ताला तोड़कर दुकान में घुसे तथा वहां पर रखा सामान घी, चीनी, बीड़ी, सिगरेट, साबुन तथा 10 हजार नकदी चुरा कर ले गए।

### महिला से छेड़छाड़ के आरोप में तीन नामजद

**कैथल।** पूंडरी पुलिस ने एक महिला से छेड़छाड़ करने और मारपीट के आरोप में तीन व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस संबंध पूंडरी पुलिस के तहत आने वाले क्षेत्र की एक महिला ने आरोप लगाया है कि 18 जुलाई को जब वह कस्बा पाई से गुजर रही थी तो सुखराज, अजय और

### पैरो कमांडो शहीद की शोक सभा में पहुंचे लोग

**नरवाना।** शुक्रवार को उपमंडल नरवाना के जाजनवाला गांव में पैरो कमांडो शहीद प्रदीप नैन की सरकारी स्कूल में श्रद्धांजलि सभा रखी गई। सभा में आसपास के क्षेत्र से अनेकों गणमान्य व्यक्ति पहुंचे। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से श्रद्धांजलि देने पहुंचे सर्वजातीय बिनैण खाप के प्रधान रघुबीर नैन ने श्रद्धांजलि अर्पित कर सरकार से मांग रखते हुए कहा की शहीद प्रदीप की पत्नी व पिता को सरकार एक-एक करोड़ व शहीद के नाम से गांव के स्कूल का नाम रखेंगे।

### गोदाम से सामान चोरी के मामले में एक काबू

**कैथल।** थाना शहर पुलिस के एएसआई कुलदीप सिंह की टीम द्वारा आरोपी गांव कसुहन जिला जींद निवासी विकास उर्फ पांडा को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। मालिक हुड्डा सेक्टर-20 निवासी राजेश कुमार की शिकायत अनुसार 26 दिसंबर रात के समय 5-6 अज्ञात लड़कों ने गोदाम पर चौकीदार के साथ मारपीट की।

### गांव मटौर में सड़क हादसे में दो घायल

**कैथल।** गांव मटौर में हुए सड़क हादसे में दो व्यक्ति घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव संडील के सोनू ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि जब वह अपनी बाइक पर सवार होकर गांव मटौर से गुजर रहा था तो एक अज्ञात गाड़ी चालक ने लापरवाही से चलते हुए उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

### गौरव बने आरटीआई कांग्रेस कमेटी के सदस्य

**कैथल।** कैथल के एडवोकेट गौरव जांगड़ा को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विधिक मानवाधिकार और आरटीआई विभाग में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। विभाग के अध्यक्ष केसी भाटिया द्वारा जारी पत्र संख्या एचपीसीसी लीगल/2024/35 में यह जानकारी दी गई है। इस नियुक्ति पर स्वयं केसी भाटिया ने गौरव जांगड़ा को उनकी नियुक्ति पर बधाई दी।

---

## सीधी धान बिजाई का महज आधा टारगेट पूरा कर पाया कृषि विभाग

# सीएम फ्लाइंग ने कृषि विभाग का किया औचक निरीक्षण, मिली खामी

**सीएम विंडो की 112 शिकायतें मिली ओवर-डू, सैंपलिंग टारगेट भी अधूरा, साढ़े 15 हजार किसानों के आवेदन मिले लंबित।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीएम फ्लाइंग ने शुक्रवार को कृषि विभाग का औचक निरीक्षण किया और सरकार द्वारा किसानहित में देय योजनाओं के रिकार्ड को खंगाला। कृषि विभाग धान की सीधी बिजाई करने का टारगेट पूरा करने में असफल रहा। जबकि सरकार द्वारा चार हजार रुपये प्रति एकड़ अनुदान दिया जाता है। सीएम विंडो की 112 शिकायतों की समयावधि पूरी हो चुकी थी लेकिन उनका शिकायतों का समाधान नही किया गया था। प्रधानमंत्री किसान निधि के भी लगभग साढ़े 15 हजार आवेदन लंबित पाए गए। सीएम फ्लाइंग ने औचक निरीक्षण के दौरान मिली खामियों की विस्तृत रिपोर्ट बना कर मुख्यालय को भेज दी है। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि किसानों को सरकार द्वारा देय किसान कल्याणकारी योजनाओं का लाभ किसानों को नही मिल रहा है। जिसके आधार पर शुक्रवार को सीएम फ्लाइंग के सब इंसपेक्टर बिजेंद्र सिंह, सतपाल तथा सिपाही विक्रम की संयुक्त टीम ने कृषि विभाग के कार्यालय में दस्तक दी। इस दौरान विभाग के अकाउंटेंट सतपाल तथा एसडीओ बलजीत सिंह टीम के साथ रहे।



जींद। जांच करते हुए सीएम फ्लाइंग टीम सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हाजिरी रजिस्टर जांचने पर सही पाया गया। कार्यशैली ठीक पाई गई। जिसके बाद टीम ने सरकार द्वारा देय योजनाओं का रिकार्ड खंगाला। चालू सीजन में विभाग को मशीन से सीधी धान बिजाई का 25 हजार एकड़ का टारगेट दिया गया था। जबकि विभाग 13,123 एकड़ में ही सीधी धान की बिजाई करवा सका। विभाग का 11,887 एकड़ का टारगेट शॉर्ट रहा। जबकि सरकार सीधी बिजाई करने पर चार हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशी किसानों को देती है। धान अवशेष प्रबंधन के लिए विभाग को पांच करोड़ 83 लाख रुपये की राशी मिली। जबकि 16 लाख 69 हजार रुपये की राशि आईडी मैच न होने के कारण अटकी पाई गई। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना 57 करोड़ छह लाख 78 हजार रुपये जिले को मिले। 15,456 किसानों के आवेदन मिस मैच की वजह से अटके पाए गए।



कैथल। उप कृषि निदेशक कार्यालय में रिकार्ड खंगलते सीएम फ्लाइंग के कर्मचारी

### उप कृषि निदेशक कार्यालय पर की छापेमारी

**कैथल।** सीएम फ्लाइंग ने शुक्रवार सुबह के समय लघु सचिवालय स्थित कृषि उपनिदेशक के कार्यालय में छापामार कार्यवहाी की। इस दौरान टीम में तीन सदस्य शामिल रहे। टीम के सदस्यों ने केंद्र व राज्य सरकार की ओर से किसानों को दी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर भी जांच की। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले कैथल में कृषि विभाग का कार्यालय काफी सुर्खियों में रहा था। इसमें विभाग में आला अधिकारी की ओर से रिश्वतखोरी के आरोप की एक ऑडियो भी वायरल हुई थी। इसके बाद विभाग ने तुरंत ही एक्शन लेते हुए उपनिदेशक डॉ. बलवंत को निलंबित भी किया गया था। मुख्यमंत्री उड़नदस्ता की टीम की दबिश के बाद कार्यालय के कर्मचारियों में भय का माहौल रहा। इस दौरान कर्मचारियों में अफरा तफरी का माहौल रहा। टीम ने विभाग का हाजिरी रजिस्टर और किसानों को सरकार की ओर से मिलने वाली योजनाओं का रिकॉर्ड की जांच करीब दो घंटे तक की।

### यह है रिश्वतखोरी के आरोप का पूरा मामला

कुछ दिन पहले ही वाट्सएप ग्रुपों में कृषि विभाग के उपनिदेशक की ओर से रिश्वत लेने की एक ऑडियो व सूची वायरल हुई थी। इस सूची में चार हजार से लेकर 20 लाख रुपये तक की रिश्वत देने का जिक्र हुआ था। आरोप लगाने वाले कर्मी का कहना था कि विभाग के कर्मचारियों कभी स्टॉक रजिस्टर पूरा न होने के नाम पर तो कभी दवाइयों के सैंपल लेने का डर दिखाकर रिश्वत लेता है। आरोप था कि इस गोदाम में नकली दवाइयां जमा की गई। बाद में जब इस गोदाम को खोला गया तो उसमें से दवाइयां गायब मिली। आरोप था कि अधिकारियों ने किसी मृतक व्यक्ति के नाम किरायानामा संबंधी तस्दीकशुदा शपथ पत्र लेकर मामले को रफा दफा कर दिया था। इसके बाद पहले तो डीडीए ने आरोप लगाने वाले कर्मी के खिलाफ गलत दस्तावेज देकर नियुक्ति लेने के आरोप लगाए।

---

# शहर को साफ-सुथरा बनाने के लिए दिनरात हो रही सफाई

- नपा हर महीने खर्च कर रही है साढ़े तीन लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

शहर को साफ.-सुथरा बनाए रखने के लिए नपा द्वारा शहर के बाजारों, वार्डों में सुबह, शाम सफाई करवाई जा रही है। सुबह सफाई साथ-साथ डोर टू डोर कूड़ा कर्कट लेने के लिए रेहड़ी, ट्रैक्टर मकान, मकान, दुकान-दुकान जा रही है। रात को भी बाजारों में नपा द्वारा सफाई करवाई जा रही है ताकि पूरे दिन का कूड़ा, कर्कट जो बाजारों में होता है उसको सफाई करके ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से उठवा कर शहर को साफ.-सथुरा रखा जा सकें। हर महीने करीब साढ़े तीन लाख रुपए इस पर नपा खर्च कर रही है। सुबह, शाम करवाई जा रही सफाई का असर बाजारों में दिखाई देने के साथ-साथ इसका असर लोगों पर भी नजर आ रहा है। दुकानदार सुबह कूड़ा-कर्कट लेने के लिए आने वाले नपा के सफाई वाहन का इंतजार करते हैं। शाम होते ही रजबाहा रोड, शहर के बाजारों में नपा सफाई कर्मी सफाई करने लग जाते है। बाजारों में दुकानों के बंद होने के बाद भी सफाई जारी रहती है ताकि सुबह जब बाजारों में कोई गुजरते तो बाजार साफ.सुथरे नजर आए।



उचाना। रजबाहा रोड पर महाराजा अग्रसेन मंदिर के पास सफाई करते हुए सफाई कर्मी।

### सब दें सहयोग : सत्यवान

दिन-रात, सफाई शहर के बाजारों, वार्डों में नपा करवाई रही है। लगभग साढ़े तीन लाख रुपये इसको लेकर खर्च हो रहे है। **-नपा के जेई सत्यवान**

### सफाई का दिख रहा असर

महेंद्र, सतीश, सुनील ने कहा कि नपा द्वारा करवाई जा रही सुबहए शाम सफाई का असर है कि जहां बाजारों में कूड़ा व कर्कट नजर आता था। अब बाजार साफ.-सुथरे नजर आने लगे हैं। सफाई का पूरा असर बाजारों में दिखाई देने लगा है। जो शाम को सफाई अंधेरा होने के बाद होती है उसका ये असर होता है कि सुबह के समय बाजारों में कूड़ा, कर्कट नजर नही आता है। सुबह के समय भी बाजारों में नपा के सफाई को लेकर लगाए गए ट्रैक्टर ट्राली एवं रेहड़ी आने से उनके माध्यम से दुकानदार, घरों से कूड़ा, कर्कट ले जाया जाता है।

### सरकार आने पर छात्र संघ चुनाव बहाल किए जाएंगे : सुनैना चौटाला

**नरवाना।** शुक्रवार को कस्बे के कमला मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय में इनेलो पार्टी की महिला महासचिव सुनैना चौटाला और साथ में जिला अध्यक्ष रामफल कुंडू पहुँचे। इनेलो की छात्र विंग आईएसओ के प्रदेश सचिव मोहित बेलरखा ने महाविद्यालय में पहुँचने पर सुनैना चौटाला का गुलदस्ता भेंट करके स्वागत किया। सुनैना चौटाला ने कहा कि वो भी स्वयं छात्र राजनीति में सक्रिय थी

---

# किसान छात्र एकता संगठन ने वीसी को सौंपा ज्ञापन, सीट बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में किसान छात्र एकता संगठन के पदाधिकारियों ने कुलपति डा. रणपाल सिंह से मुलाकात की और छात्रों की समस्याओं से अवगत करवाया।

उप प्रधान अभिषेक जुलाना ने कहा कि इस बार प्रत्येक विभाग में सीटों से ज्यादा आवेदन आए हैं। सीटें कम पड़ रही हैं और छात्रों को विश्वविद्यालय में दाखिला लेना है और छात्रों को एक साल खराब होने की चिंता भी सता रही थी। जिसके लिए कुलपति से मिले और संकायों में सीटें बढ़ाने की मांग की। जींद विश्वविद्यालय जल्द से जल्द ऑनलाइन पोर्टल खोल दे ताकि विश्वविद्यालय में नए विद्यार्थी दाखिले के लिए आवेदन कर सकें। अंजलि ने बताया कि कुछ डिपार्टमेंट में विद्यार्थियों ने अप्लाई कर रखा है, जिसमें सीटों की कमी के कारण दाखिला प्रक्रिया संभव नही है।



जींद। वीसी को ज्ञापन सौंपते हुए छात्र। फोटो : हरिभूमि

### हैप्पी कार्ड के साथ फोटोयुक्त पहचान भी रखें साथ

**जींद।** हरियाणा रोडवेज की बसों में हैप्पी कार्ड से मुफ्त सफर के लिए पात्र को साथ में अपना फोटो पहचान पत्र भी रखना होगा। हैप्पी कार्ड का इस्तेमाल पात्र के सिवाय कोई और न कर पाए, इसके लिए परिचालक बसों में हैप्पी कार्ड से टिकट लेने वालों की आईडी भी जांचेंगे। फिलहाल परिचालक इस बारे सफर कर रहे पात्रों को जागरूक कर रहे हैं। हैप्पी कार्ड पर पात्र की फोटो नहीं है। इसलिए यह पता लगा पाना मुश्किल है कि कार्ड पात्र का है या इसका कोई और इस्तेमाल कर रहा है। इसकी पुष्टि के लिए पात्र हैप्पी कार्ड के साथ अपना फोटो युक्त पहचान पत्र भी साथ रखें।

# 12वीं में जिला टॉपर रही छात्रा स्वाति शर्मा को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पाडला से वाणिज्य संकाय में 12वीं पास स्वाति शर्मा ने हरियाणा बोर्ड द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में 96.4% अंक अर्जित कर कैथल जिले में प्रथम स्थान हासिल किया है। इन मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित करने के लिए करनाल में मेधावी छात्र सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में हरियाणा राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सभी को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि इस तरीके के होनहार विद्यार्थियों से ही शिक्षित एवं विकसित भारत का सपना साकार हो सकेगा। मेधावी छात्रा स्वाति ने बताया कि वह भविष्य में कड़ी मेहनत करके चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना चाहती है। इस विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश कुमार ने मेधावी छात्रा के सभी परिजनों को हार्दिक बधाई दी और उज्वल भविष्य के लिए मंगल कामना की। पाड़ला के सरपंच रामभज, ग्राम पंचायत, स्कूल प्रबंधन कमेटी की प्रधान बबीता, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पाड़ला के प्रधानाचार्य गुरनाम ने भी बिटिया को ढेरों आशीर्वाद एवं उसके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की।



कैथल। छात्रा स्वाति शर्मा को सम्मानित करते सीएम नायब सिंह सैनी।

---

# पैक्स सहित बिक्री केंद्रों पर किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

पौधारोपण अभियान के तहत बड़ौदा पैक्स में पौधारोपण किया गया। प्रबंधक सुभाष खटकड़ ने बताया की पौधारोपण अभियान के तहत पैक्स के अधीन सभी बिक्री केंद्र बड़ौदा, कसूहन, घोघड़िया में करीब डेढ़ 150 पौधे लगाए गए। बढ़ते जलवायु प्रदूषण को रोकने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। इसे प्रकृति का संतुलन बना रहता है। हमें जलवायु की मार नहीं झेलनी पड़ती। पैक्स की तरफ सभी किसानों को अपील भी की सभी किसान साथी अपने अपने खेतों में एक-एक पौधा जरूर लगाएं। इस मौके पर साहिल, प्रवीन, जयनारायण, सुरजीत मौजूद रहे।



उचाना। बड़ौदा पैक्स में पौधरोपण करते हुए।

# गोपाल स्कूल ने एनएसएस कैंप में जीता बेस्ट ऑफ इंस्टीचट्यूट का अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गोपाल विद्या मंदिर विद्यालय ने आठ जुलाई से 17 जुलाई तक सीआरएसयू में एनसीसी कैडेट्स के लिए आयोजित सीएटीसी कैम्प में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए बेस्ट अवार्ड ऑफ इंस्टीच्यूट का अवार्ड जीता। एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर रामफल ने जानकारी देते हुए बताया कि ड्रील में प्रथम स्थान, पेंटिंग में प्रथम, रस्साकस्सी में द्वितीय स्थान, निबंध लेखन में द्वितीय स्थान, सामूहिक गान तृतीय, ओवरआल चैंपियन और बेस्ट कैडेट्स का अवार्ड भी प्राप्त किया। विभिन्न संस्थानों के एनसीसी कैडेट्स के साथ प्रत्येक गतिविधि में प्रतिस्पर्धा करते हुए हमारे विद्यालय के कैडेट्स ने अपना लोहा मनवाया। अनुशासन की कड़ी परीक्षा से गुजरने वाले होनहार कैडेट्स व रामफल को विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्य डा. प्रियदर्शी व प्राचार्य बलबीर द्वारा सम्मानित किया गया। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष जगन्नाथ शर्मा, सचिव पंकज शर्मा ने शुभकामनाएं दी।



जींद। आलओवर बेस्ट आफ इंस्टीच्यूट के साथ स्टाफ।

# बाइक सवार दंपत्ति ने यातायात पुलिस के साथ की मारपीट

- हाथापाई में एएसआई जगबीर सिंह को चोटें आई और वर्दी फटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पिंडारा पुल के पास शुक्रवार को बाइक सवार दंपत्ति और यातायात पुलिस के बीच कहासुनी हो गई। जिससे मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। कहासुनी व हाथापाई में एएसआई जगबीर सिंह को चोटें आई और उनकी वर्दी भी फट गई। उसे नागरिक अस्पताल में भी दाखिल करवाया गया। दंपत्ति ने पुलिस कर्मचारियों पर मारपीट करने और बदतमीजी करने के आरोप लगाए हैं। शुक्रवार को बाइक सवार दंपत्ति अपने बेटे के साथ गोहाना रोड की तरफ से आ रहे थे। यातायात पुलिस पिंडारा पुल के नीचे वाहनों के कागजातें की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने दंपत्ति की बाइक को रूकवाना चाहा। बाइक चालक ने हेलमेट नहीं पहना हुआ था। दंपत्ति ने आरोप लगाया कि जब वह बाइक रोक रहे थे तो पुलिसकर्मियों ने उनके साथ गाली-गलौज की तथा बदतमीजी की। जब उन्होंने विरोध किया तो मारपीट की गई। वहीं पुलिस का कहना है कि चालक बाइक के कागजात दिखाने की बजाय उनसे उलझ गया। उसने हेलमेट भी नहीं पहना हुआ था। दंपत्ति ने उनको गाली देना शुरू की।

---

### पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग

**सफीदों।** आल हरियाणा पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल कर्मचारी यूनियन की जिला स्तरीय बैठक नगर के संजय रोज गार्डन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राज्य प्रधान नरेन्द्र धीमान ने की। बैठक में राज्य महासचिव अमरीक सिंह राज्य कोषाध्यक्ष पवन राजन, राज्य उप महासचिव सुरेश कुमार, राज्य सचिव राजेंद्र गौतम, राज्य सचिव कश्मीरी लाल, प्रांतीय प्रचार सचिव अजीत कुमार विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रांतीय प्रधान नरेंद्र धीमान ने कहा कि सरकार की हठधर्मिता व वायदा खिलाफी को लेकर प्रांतीय नेतृत्व द्वारा तीन बड़े आन्दोलनों की घोषणा की जा चुकी है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री बनवारी लाल से मांगों को लेकर बनी सहमति के बाद भी लागू न करना सरकार की ओछी मानसिकता को दर्शाती है। सरकार जान बुझकर टकराव की स्थिति उत्पन्न करना चाहती है। कर्मचारियों की मुख्य मांगों में पुरानी पैंशन योजना लागू करने की मांग की गई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005


## किसान इंद्र देवता से लगाए बैठे बारिश की उम्मीद

# तापमान 36 डिग्री पर, उमस भरी गर्मी ने किया बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सावन का महीना आने को है लेकिन इस बार मानसून जींद के लोगों को दगा दे रहा है। किसानों के साथ-साथ आमजन को उम्मीद थी कि अब मौसम में बदलाव होगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जुलाई माह में भी अधिकतम तापमान 36 डिग्री के आसपास रह रहा है। जिसके चलते दिन में उमस भरी गर्मी का अहसास हो रहा है। हालांकि शाम होने पर मौसम में कुछ ठंडक बनती है और गर्मी से भी कुछ राहत भी मिलती है लेकिन अधिकतम तापमान 36 डिग्री के आसपास रहने से आमजन को परेशानी का सामना ही करना पड़ रहा है। वहीं किसान इंद्र देवता से बारिश की उम्मीद लगाए बैठे हैं। बारिश न होने पर किसानों को महंगा डीजल फूंक कर फसलों की सिंचाई करनी पड़ रही है। ऐसे में फसल का लागत मूल्य बढ़ रहा है। किसानों का कहना है कि अगर इस समय बारिश होती है तो वह सोने पर सुहागा साबित होगी।

गौरतलब है कि पिछले कुछ दिनों से मौसम में उतार चढाव चला हुआ है। दिन के समय उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान कर रही है वहीं रात के समय तापमान में गिरावट आ जाती है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 29 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि मौसम में आद्रता 60 प्रतिशत व हवा की गति मात्र आठ किलोमीटर प्रति घंटा रही। किसानों को उम्मीद थी कि अच्छी बारिश होगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। दिन के समय तापमान बढने से सबसे ज्यादा परेशानी किसानों को ही उठानी पड़ रही है।



जींद। खेत में लगाई गई धान फसल।

### पिछले एक सप्ताह का तापमान

| तिथि | अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|---|
| 19 जुलाई | 36 डिग्री | 29 डिग्री |
| 18 जुलाई | 33 डिग्री | 29 डिग्री |
| 17 जुलाई | 34 डिग्री | 30 डिग्री |
| 16 जुलाई | 37 डिग्री | 30 डिग्री |
| 15 जुलाई | 35 डिग्री | 29 डिग्री |
| 14 जुलाई | 36 डिग्री | 29 डिग्री |
| 13 जुलाई | 34 डिग्री | 28 डिग्री |

### फसलों पर मंडरा रहा बीमारियों का खतरा

बारिश बेहद कम होने व उमस भरा मौसम रहने के करण फसलों पर भी बीमारियों का खतरा मंडराने लगा है। हालांकि तीन दिन पहले उचाना में जमकर बारिश हुई लेकिन जींद, जुलाना, सफीदों, नरवाना में बारिश नही हुई है। जिससे किसान बेहद परेशान हैं। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों का विशेष निगरानी की सलाह दी है। क्योंकि इस समय मौसम फसलों में बीमारियो के अनुकूल बना हुआ है। ऐसे में किसान लगातार अपनी फसलों का निरीक्षण करते रहें। किसान मौसम को देखते हुए फसलों की बीमारियों को लेकर सर्तक रहें। लक्षण दिखाई देने पर कृषि विशेषज्ञों से सलाह लें। **-डा. राजेश**, मौसम वैज्ञानिक